ब्रेक फेल होने से ट्रक से टकराई स्कूल बस, चार बच्चे घायल

गोटेगांव, देशबन्धु । नगर के कुम्हड़ाखेड़ा के पास एक स्कूल बस की ट्रक से टक्कर हो गई जिससे उसमें बैठे चार बच्चे घायल हो गए। नगर के निजी सेंट जोसेफ स्कूल की बस क्रमांक एमपी 13 जेएम 7644 गुरुवार की सुबह बच्चों को स्कूल ले जा रही थी जिसके ब्रेक ना लगने पर वह ट्रक से टकरा गई जिसमें बैठे चार बच्चों को मामूली चोट आई है। घायल बच्चों को श्रीधाम हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार कराया गया।

वही देखा जा रहा है गोटेगांव नगर में प्राइवेट स्कूलों के द्वारा कंडम वाहनों को स्कूल बस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है जिसमें बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है।जिम्मेदार परिवहन विभाग के द्वारा नियमित रूप से इन,वाहनों की जांच पड़ताल ना होने से नगर में पिछले लंबे समय से कंडम व जुगा? स्कूली वाहन स?कों पर मौत बनकर दौ? रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग मौन है। हर बार कोई ब?ा हादसा होने के बाद विभाग जागता है और सख्ती की जाती है, लेकिन यह सख्ती महज कुछ दिनों की ही होती हैं। नगर में प्राइवेट स्कूल जाने वाले बच्चे खतरे में हैं।

जिस स्कूल बस,ऑटो और मैजिक से यह बच्चे जाते हैं। उन अधिकांश वाहनों की न तो फिटनेस है और न ही चालक प्रशिक्षित हैं। कई ऐसे वाहन हैं जिन्हें परिवहन विभाग कबाड़ घोषित कर चुका है,जिम्मेदार विभाग पूरे मामले को जानते हुए भी ऐसे स्कूलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता अथवा कार्रवाई से बचता नजर आता है, क्या इन स्कूल संचालकों की सेटिंग परिवहन विभाग से रहती है। जिससे उन पर कार्रवाई नहीं होती।

ज्यादातर स्कूली छोटे-बड़े वाहनों में अग्निशमन यंत्र के कोई इंतजाम नहीं हैं। और इनकी फिटनेस भी सही नहीं है। जबकि यह वाहन नौनिहालों को स्कूल लाने-जाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में बच्चों के जीवन को खतरे में डाला जा रहा है।

जबकि परिवहन विभाग की ओर से वाहनों में अग्निशमन यंत्र लगाकर ही संचालित कराने के स्पष्ट निर्देश है, लेकिन इसके बाद भी स्कूल प्रशासन इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।

पत्रकारों ने नगर में नो एंट्री का दिया था सुझाव - दिक्कत दिनों पुलिस अधीक्षक के दौरे के समय पत्रकारों ने नगर में सुबह दो घंटे एवं शाम दो घंटे की भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एंट्री का सुझाव जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सुझाव पर अमल करने की हामी भरी थी लेकिन आज दिनांक तक उस संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।

इनका कहना है -आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है,स्कूल में लगे ऐसे वाहनों की जांच करवाता हूं।

जितेंद्र शर्मा
जिला परिवहन अधिकारी।

एक दिसम्बर को 9369 विद्यार्थी देंगे एनएमएमएस परीक्षा

सिवनी, देशबन्धु। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक दिसम्बर 2024 को प्रात: 10:45 से 12:30 तक (90 मिनट) प्रश्नों की संख्या 90 दोपहर 12ः30 से 2ः15 तक (90 मिनट) प्रश्नों की संख्या 90 मानसिक योग्यता परीक्षण, शैक्षिक योग्यता परीक्षण, राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएस चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि एक हजार प्रतिमाह की दर से प्रतिवर्ष कक्षा 9वीं से 12वी के प्रति विद्यार्थी को 12 हजार रूपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

इस परीक्षा में विकासखंड बरघाट के 1469, छपारा के 807, धनौरा के 751, घंसौर के 954, केवलारी के 1088, कुरई के 813, लखनादौन के 1767, सिवनी के 1620 इस प्रकार जिले की शासकीय शालाओं में कक्षा 8 में अध्ययनरत कुल 9369 विद्यार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित होगे। समस्त पंजीकृत बच्चों के प्रवेश-पत्र 20 नवम्बर से आरएसके पोर्टल पर जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं बीआरसीसी की लॉगिन पर उपलब्ध है। समस्त पंजीकृत बच्चों को परीक्षा दिनांक से 03 दिवस पूर्व प्रवेश पत्र उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

डूंडासिवनी में मिला युवती का शव

दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

सिवनी, देशबन्धु। डूंडासिवनी. थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में एक युवती का शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह नगर के कटंगी रोड मोक्षधाम जाने वाले मार्ग पर एक मकान के पीछे एक ट्रक के पास युवती का शव अर्द्धनग्न अवस्था में ट्रक के सीढ़ी पर दुपट्टे से लटका दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवती के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। संभवत: आरोपी ने उसकी हत्या कर फंदे से लटका दिया गया होगा।

पुलिस ने बताया कि मृतिका युवती की पहचान हो गई है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतिका की मां भोपाल में रहती है। वहीं एक बहन सिवनी में रहती है और उसकी शादी हो चुकी है। मृतिका अकेले ही रह रही थी।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिस जगह पर युवती का शव मिला है वहां रात में कोई आता-जाता नहीं है। सुनसान क्षेत्र है। युवती के साथ दुष्कर्म होने की भी संभावना जताई जा रही है।

इसके बाद आरोपियों ने उसकी हत्या कर शव सफेद दुपट्टे से ट्रक के सीढ़ी पर टांगा होगा। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

सार-समाचार

जल संरक्षण के लिए जाम नदी पर चौपाल लगाई, श्रमदान किया

सौंसर, देशबन्धु। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड सौंसर जिला छिंदवाड़ा जिला समन्वय अखिलेश जैन विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के निर्देशानुसार परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर द्वारा सेक्टर क्रमांक 2 ग्राम पंचायत जाम - सावली में जाम नदी जल संरक्षण को लेकर ग्रामवासियों में जन जागरूकता फैलाने तथा दूषित जल को नदी में प्रवाहित करने से रोकने हेतु नदी के तट पर चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण शपथ दिलाई गई एवं श्रमदान किया गया। नदी से प्लास्टिक का कचरा बाहर निकाला गया और आगामी सप्ताह में बोरी बंधान की योजना बनाई गई। गतिविधि ममें बीएसडब्लू, एमएसडब्लू के विद्यार्थी प्रीति रायकवार,हिमानी अवझेकर,ममता चटकवार,शिवानी बोडखे,स्वाति श्रीवास्तव, प्रेरणा पाटिल, प्रीति ठाकरे, मेघा गायकवाड,भीमेश्वर ठाकरे,अनिल तवले ग्राम के वरिष्ठ किसान एवं नागरिक के रूप में अशोक सरियाम,श्रमण बीसके उपस्थित थे।

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

सौसर, देशबन्धु। नगर पिपलानारायण वार के राम दरबार में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि सामाजिक कार्यकर्ता नाना जी बिरे की अध्यक्षता में मनाई गई । नाना बिरे एवं खुशाल चौधरी ने ज्योतिबा फुले के द्वारा किए गए समाज उत्थान ओर समाज में फैले कुरितियां को समाप्त करने में उनके योगदान को याद किया । कार्यक्रम में नवनीत माहेश्वरी, दशरथ सोनी,बाबुराव वाडिवा, भाऊराव भालेराव,गणपती नखाते , नामदेव खंडाईत गोलु पाचपोर, पुरषोत्तम ठाकरे,श्रावण हले, उपस्थित थे ।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में नि:शुल्क साइकिल वितरण

रामाकोना, देशबन्धु । ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल रामाकोना में जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़ के मुख्यअतिथ्य, स्कूल के प्राचार्य रत्नाकर भकने की अध्यक्षता एवं ग्राम के जनपद सदस्य डॉ पांडे, उपसरपंच संतोष चौधरी, मोरेश्वर मरस्कोले, श्याम ठाकरे, श्याम सिंगनापुरे,की प्रमुख उपस्थिति मे साईकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । जिलापंचायत सदस्य मोहोड़ ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार की छात्रों हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया तथा छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित थे । कार्यक्रम का ऊर्जामय संचालन चंद्रकांत नचानकर ने किया ।

राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान आयोजित

करेली, देशबन्धु। नव जागृति मंडल द्वारा संचालित सरस्वती इंग्लिश स्कूल बसखेडा में लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग व्दारा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष एवं 10 वर्ष की आयु समूह के बच्चों को टी.डी.एवं डीपीडी के टीके लगाए गए ,टीकाकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कठोतिया संजो मरावी, एएनएम सुषमा चौहान के व्दारा किया गया। उक्त अभियान को संपन्न कराने में संस्था प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति दुबे ,आरती वर्मा व आंगनबा?ी कार्यकर्ता उर्मिला मेहरा आशा कार्यकर्ता का विशेष योगदान सहित पालकों की मौजूदगी रही।

बाल विवाह मुक्त भारत के लिए निकाली रैली

सौंसर, देशबन्धु। भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैर सरकारी संगठन ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रम और रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट नगर पालिका सभाकक्ष में किया गया।

इस अवसर सौसर नगर पालिका की अध्यक्ष सुरेखा डागा ,तहसीलदार भावना मलगाम ,ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक विजय धवले ,जनपद पंचायत की महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति गायत्री गायकवाड़ ,नगर पालिका की सभापति मृणाली झा? ,आशा बेंडे ,पार्षद गीता मार्बते ,महिला एवं बाल विकास विभाग की निरिक्षक यशवंता पंद्रे ,निशा पुरिया ,लक्ष्मी चौधरी ,प्रियंका नाहर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,शासकीय कन्या शाला की छात्राएं उपस्थित थी। वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में केंद्रिय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित कर बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई । ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा नगर के सीएम राइज शाला ,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला ,पिपला नारायण वार के शासकीय शाला, मोहगांव के शासकीय शाला ,ग्राम बानाबाकोड़ा, ग्राम पंधराखेड़ी ,ग्राम खांडसिवनी ,ग्राम मर्राम ,ग्राम जोबनडेरा ,ग्राम मेंढेपठार में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है।

संस्था के निदेशक धवले ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है जो जीवनसाथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है।

आंखीवाड़ा का स्कूल जर्जर पंचायत भवन में पढ़ते हैं बच्चे

गोटेगांव, देशबन्धु। वैसे तो शासन प्रशासन स्कूल चले हम अभियान जोर-जोर से चलता है और सब पढ़ो सब लिखो का नारा देता है एवं बच्चों की शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते है योजनाएं बनाई जाती है, लेकिन धरातल पर हकीकत इसके विपरीत नजर आती है,इतने अल्प समय में ही शासकीय भवन पापड़ की तरह बिखर रहे हैं। जिससे स्कूल भवन के निर्माण कार्य में की गई भारी अनियमितताएं एवं भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है ।

मामला ग्राम पंचायत आखीवाडा का है,जहां एकीकृत शासकीय विद्यालय जर्जर हालत में पहुंच गया है,स्कूल की हालत अत्यंत गंभीर हालत में है,स्कूल में पढ़ने वाले छात्र ग्राम पंचायत भवन में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।

अल्प समय में स्कूल भवन जर्जर हुआ - उक्त स्कूल का वर्ष 2010 में निर्माण कार्य हुआ था, मात्र इतने कम समय में स्कूल भवन बदहाल हो गया है,स्कूल भवन जर्जर होने के बाद,बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हेतु जिला कलेक्टर के आदेश के बाद जिला पंचायत सीईओ के हस्तक्षेप से ग्राम पंचायत भवन में विगत जुलाई माह से कक्षाएं लग रही है, ग्राम पंचायत भवन के एक कक्ष और एक हाल में कक्षाएं लग रही है वही एक कक्ष को किचन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है,उक्त एकीकृत विद्यालय में जहां दो टीचर पदस्थ हैं और दो टीचर अतिथि तैनात है,इस एकीकृत विद्यालय भवन की शिकायत कई बार शिक्षकों द्वारा विभिन्न अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग को दी गई परंतु आज तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ग्राम पंचायत का कार्य हो रहा है प्रभावित -ग्राम पंचायत भवन में स्कूल की कक्षाएं संचालित हो रही है जिस पंचायत का कार्य भी प्रभावित हो रहा है,वहीं ग्राम पंचायत के अधिकारी पंचायत भवन में कक्षाएं संचालित करने वाले शिक्षकों से मौखिक बोलते हैं की पंचायत भवन कब खाली करोगे।जहां क्षतिग्रस्त हुए एकीकृत स्कूल भवन को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर उसमें ताला लगा दिया है, स्कूल भवन की छत से प्लास्टर झड़ चुका है,उसकी सरिया बाहर झांक रही है,भवन की दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी है, जिससे स्कूल भवन कभी भी भरभरा कर गिर सकता है।स्कूल भवन के पास पानी की टंकी के नीचे निर्मित मध्याह्न भोजन का किचन रूम भी पूरी तरह से खंडहर हो चुका है, जिसके खिड़की दरवाजे अज्ञात लोगों के द्वारा निकाल लिए गए हैं।

औचक निरीक्षण के दौरान मिले 650 बोरी यूरिया के अवैध भंडारण पर विक्रेता तथा सप्लायर पर एफआईआर दर्ज

सिवनी, देशबन्धु। प्रभारी कलेक्टर नवजीवन पवार के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायतों के आधार पर कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से 26 नवंबर 2024 को विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में पवन कुमार कौरव सहायक संचालक कृषि सह उर्वरक निरीक्षक एवं तहसीलदार ललित ग्वालवंशी तहसील सिवनी द्वारा अग्रवाल कृषि केन्द्र बण्डोल का औचक निरीक्षण किया गया।

औचक निरीक्षण के दौरान अग्रवाल कृषि केन्द्र बण्डोल में 650 बोरी कृभको कम्पनी का यूरिया की कुल मात्रा 29.250 मैट्रिक टन अवैध रूप से भण्डारित पाया गया। भण्डारित उर्वरक के संबंध में जांच करने पर यह पाया गया कि कृष्णा वेयर हाउस एवं ट्रान्सपोर्ट कान्ट्रेक्टर कटनी द्वारा बिल्टी क्र. जीआरयू 140 21नवंबर2024 से ट्रक क्र. एमएच 49बी2299 द्वारा 780 बोरी कृभको कम्पनी का यूरिया अवैध रूप से नियम विरूद्ध अग्रवाल कृषि केन्द्र बण्डोल को प्रदाय किया गया था। उक्त उर्वरक को जप्त कर अग्रवाल कृषि केन्द्र बण्डोल के संचालक विकास अग्रवाल एवं कृष्णा वेयर हाउस एण्ड ट्रान्सपोर्ट कान्ट्रेक्टर मझगांव फाटक के पास रीठी रोड कटनी के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 7, 8 एवं 35 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत थाना बण्डोल में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

इसके आलावा प्रभारी कलेक्टर के निर्देशानुसार कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा ओम शिव कृषि केन्द्र सिवनी, हरियाली सीड्स भोमा एवं ओम जगदम्बा कृषि सिवनी के संस्थानों का क्रमश: औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थाओं से बीज के नमूने लेकर परीक्षण हेतु राज्य की बीज परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया। प्रभारी कलेक्टर नवजीवन पवार के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को सतत् निरीक्षण हेतु सेवा सहकारी समिति एवं डबल लॉक केन्द्रों के निरीक्षण करने हेतु आदेशित किया गया है।

डॉक्टर एसोसिएशन सौसर ने मनाया भारतीय संविधान दिवस

सौसर, देशबन्धु। 26 नवंबर 2024 मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। भारत का संविधान हमको समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य कि स्वतंत्रता देता हैं।

हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक आदर्शों, कर्तव्यों व अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के जन्मदिन दिवस पर संविधान दिवस को मानाया जाता हैं. डॉक्टर असोसिशन सौसर के सदस्य अंबेडकर चौक सौसर में एकत्रित होकर संविधान दिवस मनाया ।

इस अवसर पर माल्यार्पण डॉ. चंद्रशेखर गजभिये (अध्यक्ष एसोसीयशन), डॉ. मृणालिनी कंटक द्वारा संविधान कि उद्देश्यीका का पठान किया, डॉ. खतकर, डॉ. तेलंगे, डॉ. श्वेता गजभिये, डॉ. शुभम शिंदे, डॉ. वासनिक, डॉ. आकाश ढोके, डॉ. अमोल भक्ते, डॉ. श्रीकांत सोमकुंवर, डॉ. सख्सिया रा और प्रयास संगठन के संथापक सदस्य भी उपस्थित थे।

महाविद्यालय लोधीखेड़ा में पोस्टर, निबंध व भाषण प्रतियोगिता

सौंसर, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा कार्यक्रमों का आयोजन 18 नवंबर 2024 से 23 नवंबर 2024 तक विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रथम दिन पोस्टर प्रतियोगिता भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंध में प्रथम स्थान प्रिया शेन्डे, द्वितीय स्थान निकिता सिरसाम, तृतीय स्थान आरती उईके ने प्राप्त किया। दूसरे दिन निबंध प्रतियोगिता वर्तमान जीवन में भारतीय ज्ञान परंपरा की उपयोगिता में प्रथम स्थान ज्ञानेश्वरी सुरजूसे, द्वितीय स्थान प्रिया शेंडे, मृणाली डोंगरे, तीसरे दिन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्ञानेश्वरी सुरजूसे,सुजाता शेंडे, निकिता सिरसाम,द्वितीय स्थान प्रशंसा सोनी, तृतीय स्थान आरती उइके ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता वर्तमान समय में वैश्विक पटल पर भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रथम स्थान सुजाता शेंडे, द्वितीय स्थान प्रशंसा सोनी, तृतीय स्थान सुरेश बेटे ने प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया शेंडे, द्वितीय स्थान प्रियंका सुरजूसे, तृतीय स्थान निकिता सिरसाम,तृतीय स्थान ज्ञानेश्वरी सुरजुसे ने प्राप्त किया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रतियोगिता में लोक नृत्य में जिसमें मंगला गौरी लोक नृत्य जिसमें प्रिया शेंडे, प्रशंसा सोनी, निकिता सिरसाम, ज्ञानेश्वरी सुरजूसे, प्रियंका सुरजूसे, सुजाता शेंडे शामिल रही।

कार्यक्रम के प्रभारी अजय गिरी एवं डॉ विजयश्री बागडे थी। इन विभिन्न कार्यक्रमों के निर्णायक मंडल में डॉ पैलेन्द्र डेहरिया, श्रीमती लीना डेहरिया, सोहन सिंह धुर्वे,डॉ अनूप कुमार,डॉ सुखविंदर भाटिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष दिनेश रैकवार की उपस्थिति में समस्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र बांटे गए। प्राचार्य अमोल पाटिल ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर कार्यक्रम का समापन किया।

दैनिक राशिफल

शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी नक्षत्र-स्वाति।

मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

क.370-144

कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म. 460-272

3,4,6,8,31,45,60,88,48,81,95,89